बिहार विधान परिषद

(203 बजट सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

07 मार्च 2023

[ऊर्जा - उद्योग - स्वास्थ्य - अल्पसंख्यक कल्याण - गन्ना उद्योग - संसदीय कार्य - विधि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग].

Total Short Notice Question- 5

अस्पताल की मरम्मती

*50 **मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिला अन्तर्गत डुमरी कटसरी प्रखंड के नयागांव में पांच कट्ठा में बने आयुर्वेद अस्पताल की स्थिति काफी जर्जर एवं दयनीय होने के कारण मरीजों को बाहर इलाज हेतु जाना पड़ता है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त अस्पताल की मरम्मती कराकर सुचारु रूप से चलाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

पोल एवं तार कबतक

*51 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या **ऊर्जा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिले के रामकृष्णानगर फीडर अन्तर्गत ग्राम कामता चक के एकतापुरम में जर्जर बिजली के खंभों पर जर्जर तार लटक रहे हैं जिसके कारण

बार-बार दुर्घटना होने से कई व्यक्ति काल के गाल में समा चुके हैं;

(ख) क्या यह सही है कि निम्नांकित उपभोक्ता क्रमशः कंज्यूमर नंबर 102380837, 102089739, 108483784, 102362402, 102375328, 102415248, 102171732, 102063329, 102498861, 102050915 द्वारा स्थानीय कार्यालय एवं लाइन मैन से जर्जर तार बदलने एवं पोल लगाने के संबंध में शिकायत की गई है;

(ग) क्या यह सही है कि एक वर्ष पूर्व ही कनीय अभियंता द्वारा उक्त एरिया का सर्वे किया गया था और जर्जर तार बदलने एवं नया पोल लगाने हेतु आदेश भी दिया गया किन्तु संबंधित एजेंसी द्वारा असामाजिक तत्वों के साथ मिलीभगत कर स्थानीय कंज्यूमर से पोल, तार लगाने के संबंध में अवैध राशि की मांग की गई है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खंड 'ख' में वर्णित उपभोक्ताओं के घर तक पोल-तार कबतक लगाना चाहती है और इस कार्य में विलम्ब करने वाले एजेंसी को काली सूची में दर्ज कर विभागीय कार्रवाई करना चाहती है?

स्वास्थ्य केन्द्र एवं उपकेन्द्र का निर्माण कबतक

*52 **डा. कुमुद वर्मा (विधान सभा):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि गया जिला के डुमरिया प्रखण्ड के भोकहा पंचायत के चहरा पहरा गांव में उप स्वास्थ्य केन्द्र नहीं रहने के कारण लगभग 20 हजार की जनसंख्या वाली ग्रामीण आबादी को लम्बी दूरी तय करके स्वास्थ्य सुविधा के लिए जाना पड़ता है;

(ख) क्या यह सही है कि इसी तरह इमामगंज प्रखण्ड के लावावार पंचायत के वघौता गांव में भी स्वास्थ्य केन्द्र नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को काफी असुविधा होती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त वर्णित पंचायतों के गांवों में शीघ्र स्वास्थ्य केन्द्र एवं उपकेन्द्र का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्था

*53 **श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला अंतर्गत दानापुर प्रखंड के स्वास्थ्य उपकेन्द्र गंगहारा में चिकित्सक उपलब्ध नहीं रहने के कारण गंगहारा एवं निकटस्थ गांवों के

रोगियों को चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पा रही है;

(ख) क्या यह सही है कि दानापुर अस्पताल से गंगहारा की दूरी लगभग 10 किलामीटर है, जहां से रोगियों को लाने में परेशानी होती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्वास्थ्य उपकेन्द्र को अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में उत्क्रमित करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

फिजियोथेरेपी सेंटर कबतक

*54 **श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में फिजियोथेरेपी सेंटर हेतु एक बड़ा कमरा नहीं है;

(ख) क्या यह सही है कि इस संस्थान में फिजियोथेरेपी कराने के लिए मरीज आते हैं;

(ग) क्या यह सही है कि जगह कम रहने के कारण मरीजों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मेडिकल रिकॉर्ड सेक्शन भवन के द्वितीय तल पर एक बड़ा हॉल फिजियोथेरेपी सेंटर हेतु बनाना चाहती है, यदि हां तो कबतक?